(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक


# बुद्ध का संदेश

चैत्र नवरात्रि में ...8

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 02 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 103 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादकः राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त



## मास्क पर प्रतिबंध हटाना जल्दबाजी वाला कदम, कोरोना के मामलों में हो सकती है वृद्धि

नयी दिल्ली। कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में गिरावट के चलते देश के कुछ राज्यों में मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना न लगाने का निर्णय लिया गया है लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रतिबंध को पूरी तरह हटाना जल्दबाजी वाला कदम होगा। उनका कहना है कि मास्क का प्रयोग करने से कोरोना वायरस के अलावा इन्फ्लुएंजा और स्वाइन फ्लू से भी बचा जा सकता है। महाराष्ट्र और दिल्ली की सरकारों ने हाल में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता में ढील देने का निर्णय लिया था। पिछले दो साल से लागू इस नियम के तहत मास्क नहीं लगाने पर दो हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान था। प्रख्यात विषाणु विज्ञानी टी जैकब जॉन ने कहा कि चूंकि भारत में महामारी ''समाप्त'' हो गई है, इसलिए सार्स सीओवी2 के प्रसार को रोकने के लिए मास्क की अब और आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मास्क लगाने की अनिवार्यता खत्म कर दी जानी चाहिए और लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर स्वेछा से मास्क लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि टीबी, फ्लू और सांस की बीमारी फैलाने वाले अन्य सूक्ष्म जीवों के प्रसार को रोका जा सके। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के विषाणु विज्ञान उन्नत अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशक जॉन ने पीटीआई–से कहा, "मास्क लगाने की इस आदत से बीमारियां कम फैलेंगी। वर्तमान में हम किडनी प्रतिरोपण के मरीजों को मास्क लगाते देखते हैं। बस, ट्रेन, विमान आदि में सभी को इससे लाभ होगा।" फरीदाबाद के फोर्टिस अस्पताल में डॉक्टर रवि शेखर झा ने कहा कि मास्क लगाने की अनिवार्यता जारी रहनी




चाहिए और इस आदत को त्यागना उचित समय से पहले लिया गया फैसला होगा। झा ने कहा, "घातक दूसरी लहर ने दुनियाभर में कई जिंदगियां ले ली थीं। यह ऐसा था जो विश्व ने पहले कभी नहीं देखा। लोग पहली लहर के बाद थोड़े लापरवाह हो गए थे और संभवतः इसके कारण मौतें ज्यादा हुईं।" डॉ. झा ने कहा, "यह सही है कि अधिकतर भारतीयों को टीका लग चुका है लेकिन हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि टीका हमें संक्रमण से नहीं बचाता। संक्रमण मौत का कारण न भी हो तब भी वह आपको कई महीनों तक बीमार कर सकता है।" उन्होंने कहा, "हम सभी कोविड के लंबे समय तक रहने वाले प्रभाव के बारे में जानते हैं। इसलिए यह सर्वोत्तम है कि संक्रमण से बचा जाए। अब तक विज्ञान ने यह साबित किया है कि संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा उपाय मास्क है।

## जानिए गृह मंत्री अमित शाह ने सिद्धगंगा मठ में आखिर क्यों किया अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र ?

बेंगलुरू। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक के तुमकुरु में सिद्धगंगा मठ के श्री शिवकुमार स्वामीजी की 115वीं जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, महासचिव सीटी रवि, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा समेत इत्यादि नेता मौजूद रहे। इसी बीच अमित शाह ने कहा कि शिवकुमार स्वामीजी ने अपने कर्म से संदेश दिया जो युगों–युगों तक आगे याद रहने वाला है, मठ पर जो भी आता है वो कभी भी भूखा वापस नहीं जाता है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं तीसरी बार सिद्धगंगा मठ के अंदर आया हूं और जब भी यहां आया हूं तब यहां से मैं ऊर्जा, चेतना और उत्साह लेकर गया हूं। हमारा देश बहुत पुरातन देश है। कई सारे तीर्थ स्थान देशभर में फैले हुए हैं। इसी बीच उन्होंने कहा कि अटल जी जब यहां आए थे तब उन्होंने कहा था कि उत्तर में गंगा और दक्षिण में सिद्धगंगा। सिद्धगंगा मठ में आने से अनेक जन्मों के पुण्य कर्मों की जागृति होती है। उन्होंने कहा कि सिद्धगंगा बहुत बड़ा तीर्थ है। यह एक ऐसा आध्यात्मिक स्थल हैं जो एक तपस्वी के तप से, एक कर्मयोगी के कर्म से और एक धार्मिक जीवन जीने वाले संत से बना है। उन्होंने कहा कि श्री शिवकुमार स्वामीजी 1930 में मठ के प्रमुख बने और जीवन के अंतिम सांस तक मठ के माध्यम से अनेक लोगों का उद्धार किया।

## भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिएः प्रियंका गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में 'पेपर लीक पर चर्चा' करनी चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कुछ परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने का हवाला दिया। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, ''भाजपा सरकार को उप्र में पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिए। पिछले साल 28 नवंबर को यूपी टीईटी पेपर लीक से लाखों युवाओं को आघात लगा था। कार्रवाई के नाम पर दिखावटी कदमों के अलावा कुछ नहीं हुआ।'' उन्होंने कहा, ''उप्र के युवा आजतक नहीं जान पाए कि यूपी सरकार के किस भ्रष्ट तंत्र ने पेपर लीक को अंजाम दिया? नतीजतन, एक और पेपर लीक।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''इस बार भी सरकार दिखावटी कदमों के अलावा कुछ और नहीं कर रही है। पेपर लीक की खबर लिखने वाले पत्रकार को जेल भेजा जा रहा है। लेकिन, पेपर लीक करने वाला तंत्र सरकार में पैठ जमाए बैठा है। उस पर न कोई बुलडोजर चलता है, न कोई बदलाव आता है।

## पुलिस विभाग की तरफ से महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएः सीएम योगी

लखनऊ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि नवरात्र के पहले दिन से ही पुलिस विभाग की तरफ से महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जाए और बेटियों की सुरक्षा के लिए सभी स्कूल–कॉलेज में एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय किए जाएं। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने गृह विभाग से 100 दिनों की कार्ययोजना के तहत प्राथमिकताएं तय कर तेजी से कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने बताया कि योगी ने पुलिस विभाग में 100 दिनों में कम से कम 10,000 पुलिसकर्मियों की



भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए, "नवरात्र के पहले दिन से ही पुलिस विभाग महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाए। बेटियों की सुरक्षा के लिए सभी स्कूल–कॉलेज में एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय किए जाएं। इसके साथ ही पुलिस की एक टीम शाम को बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त लगाए।" सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 अप्रैल से प्रदेश भर में मिशन शक्ति से जुड़े कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसे लेकर विभाग की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। सहगल के मुताबिक, योगी ने निर्देश दिया कि महिला कांस्टेबल को बीट स्तर पर तैनात किया जाए और सभी विभागों के कर्मचारी समन्वय स्थापित कर महिला बीट अधिकारी के साथ गांव की महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें प्रदेश सरकार की तरफ से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं।

सहगल ने बताया कि योगी ने कहा कि अधिकारी सप्ताह के एक दिन नगरीय वार्ड और गांवों में वृहद अभियान शुरू कर ग्राम सचिवालय में महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि कि योगी ने स्कूल, कॉलेज, बाजार और भीड़–भाड़ वाली जगहों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुव्यवस्था एवं सुशासन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, लिहाजा राज्य के सभी आस्था केंद्रों व महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर की जाए। प्रवक्ता के मुताबिक, योगी ने कहा कि आगामी एक वर्ष में सभी जनपदों में पुलिस लाइनों की औचित्यपूर्ण स्थापना की जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध संपत्तियों को ढहाने व जब्त करने के निर्देश दिए।

## असम में बीजेपी ने जीती राज्यसभा की दोनों सीटें, कांग्रेस ने अपने विधायक को किया सस्पेंड

असम राज्यसभा चुनाव के लिए गुरुवार देर रात हुई मतगणना राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा नीत एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। दिलचस्प्प तौर पर कांग्रेस ने अपने एक एमएलए को विप उल्ल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया। बीजेपी की पबित्रा मार्गेरिटा जिन्हें 46 वोट मिले, और गठबंधन सहयोगी यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) रंगवारा नारजारी 44 वोटों के साथ कांग्रेस के रिपुन बोरा को मात देने में कामयाब रहे, जिन्हें सिर्फ 35 वोट मिले। एक वोट रिजेक्ट हो गया। सत्तारूढ़ गठबंधन को अपेक्षित 82 से आठ अधिक वोट मिले, जो कि 126 सदस्यीय असम विधानसभा में भाजपा–यूपीपीएल–असम गण परिषद–बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट गठबंधन के विधायकों की संख्या है। कांग्रेस के दो विधायक सस्पेंडः विधानसभा में सत्तारूढ़ राजग के पास 79 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास 63, एजीपी के पास नौ और यूपीपीएल के पास सात सीटें हैं। सदन में विपक्षी सदस्यों की संख्या 47 है, जिनमें से कांग्रेस के 27, एआईयूडीएफ के 15, बीपीएफ के तीन और माकपा का एक सदस्य है जबकि तीन विधायक निर्दलीय हैं। कांग्रेस के दो विधायकों शशिकांत दास और शर्मन अली अहमद को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है।

## केंद्र के फैसले का स्वागत करती हूं, लेकिन आफस्पा को निरस्त किया जाना चाहियेः इरोम शर्मिला

कोलकाता। सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (आफस्पा) को निरस्त करने की मांग को लेकर 16 साल तक भूख हड़ताल पर रहीं मानवाधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने असम, नगालैंड



और मणिपुर में इस कानून के दायरे में आने वाले क्षेत्रों की संख्या कम करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यह कठोर, औपनिवेशिक कानून पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर के उन तीन राज्यों में अशांत क्षेत्रों की संख्या में कमी की घोषणा की, जहां सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 लागू है। मणिपुर की लौह महिला के रूप में मशहूर शर्मिला ने आफस्पा को दमनकारी कानून करार दिया और कहा कि यह कभी भी उग्रवाद से निपटने का समाधान नहीं रहा है। उन्होंने टेलीफोन पर पीटीआई– को दिये साक्षात्कार के दौरान कहा, मैं आफस्पा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों की संख्या कम करने के केंद्र के फैसले का स्वागत करती हूं। यह सही दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक कदम है। लेकिन कानून को निरस्त किया जाना चाहिए क्योंकि यह कोई समाधान नहीं है। शर्मिला ने कहा, भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हम इस औपनिवेशिक कानून को कब तक बरकरार रखेंगे? लोग इसका खामियाजा क्यों भुगतें? उग्रवाद से लड़ने के नाम पर करोड़ों रुपये बर्बाद किए जाते हैं जिनका उपयोग पूर्वोत्तर के समग्र विकास के लिए किया जा सकता है। आफस्पा प्रगति की राह में एक रोड़ा है। शर्मिला ने आफस्पा के खिलाफ 16 साल चली अपनी भूख हड़ताल 2016 में समाप्त कर दी थी। नगालैंड में दिसंबर, 2021 में सेना के जवानों द्वारा 14 असैन्य नागरिकों के कथित तौर पर मारे जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी और लोगों ने आफस्पा हटाने की मांग की थी। मांग पर विचार करने के लिये केंद्र ने एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी।

## जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में जैश–ए–मोहम्मद के 3 सहयोगी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद



श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षाकर्मियों को बड़ी कामयाबी मिली है। आपको बता दें कि सुरक्षाकर्मियों ने 3 आतंकवादियों के सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। जिसका संबंध आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) से है। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पुलवामा पुलिस ने 55 आरआर और 182 183 बीएन सीआरपीएफ के साथ आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के 3 आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। वे जिले में आतंकवादियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। इनके पास से एक एके राइफल, तीन मैगजीन और 69 एके राउंड बरामद हुए। शोपियां में एक आतंकवादी ढेरः इससे पहले शोपियां जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के तुर्कवांगम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी बीच आतंकवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी और सर्च ऑपरेशन मुठभेड़ में तब्दील हो गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
में सरकारी विज्ञापन, निविदा, अदालती नोटिस, सम्मान, सूचना, टैण्डर प्रकाशन के लिए आज ही सम्पर्क करें।
सभी जनपदों से आवश्यकता है पत्रकारों की
सम्पादकः– दैनिक बुद्ध का संदेश
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

## 'अच्छे दिन' , बैंक खातों में 15 लाख रूपये सभी 'अप्रैल फूल' के चुटकुले हैंः संजय राउत

मुम्बई। ईंधन के बढ़ते दाम एवं अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र पर प्रहार करते हुए शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि ''अच्छे दिन'' और लोगों के बैंक खातों में 15 लाख रूपये जमा कराने के वादे कुछ नहीं बल्कि 'अप्रैल फूल डे' के चुटकुले हैं। सरकार पर पिछले सात सालों में लोगों को बस बेवकूफ बनाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि उसे अब उनके कल्याण के लिए काम करना चाहिए क्योंकि आम आदमी के लिए यह 'जीवन एवं मृत्यु' जैसी स्थिति है। एक अप्रैल को अप्रैल फूल दिवस के रूप में मनाया जाता है जब लोग एक दूसरे को मूर्ख बनाते हैं। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, '' 'अच्छे दिन' , नागरिकों के बैंक खातों में 15 लाख रूपये जमा कराने, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत में मिलाने



और रोजगार प्रदान करने के वादे कुछ नहीं बल्कि अप्रैल फूल के चुटकुले हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार को झूठ बोलना बंद करना चाहिए एवं लोगों के कल्याण के प्रति कटिबद्ध होना चाहिए क्योंकि आम आदमी के लिए यह 'जीवन एवं मृत्यु' जैसी स्थिति है। सत्ता में आने से पहले 2014 में भाजपा ने कालाधन वापस लाने, हर नागरिक के खाते में 15 लाख रूपये जमा करने का वादा किया था। उस समय 'अच्छे दिन' का वादा भगवा पार्टी के चुनाव अभियान में सबसे ऊपर था। शिवसेना नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' यह कहना कि हम बदले की राजनीति नहीं करते हैं, भी अप्रैल फूल सीरीज का हिस्सा है जो पिछले सात सालों से देश में चल रहा है।'' उन्होंने कहा कि हाल में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ा दिये गये क्योंकि शासक हमेशा ही आम आदमी को उल्लू बनाते हैं। उन्होंने कहा, "लोगों को सात सालों से मूर्ख बनाया जा रहा है।" प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नागपुर के वकील सतीश उके और उनके भाई प्रदीप को धनशोधन जांच के सिलसिल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का जिक्र करते हुए राउत ने कहा, '' यह चौंकाने वाली बात है कि सीबीआई एवं ईडी को गैरभाजपा शासित राज्यों में लाया जाता है। यह ऐसा नहीं है जहां केंद्रीय एजेंसियां आएं और आतंकित करने के लिए लोगों पर छापा मारें।

# चार बच्चों की मां को नाबालिक लड़के से हुआ प्यार, पहले प्रेमी फिर प्रेमिका ने फंदे से लटककर दे दी जान

गोंडा। प्रेम प्रसंग का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां चार बच्चों की मां को एक नाबालिग लड़के से प्यार हो गया। ना जाने क्या हुआ कि एक ही दिन पहले प्रेमी फिर प्रेमिका ने फांसी के फंदे से लटक कर दोनों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना को लेकर जहां पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। वही लोग तरह–तरह की चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

प्रकरण जनपद के थाना कौड़िया बाजार के गांव छप्परतला से जुड़ा है। एक महिला व एक युवक ने अलग–अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना नकछेद पुत्र भगवानदीन कश्यप ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि गांव में चार बच्चों की मां से एक नाबालिक 17 वर्षीय लड़के से प्रेम संबंध हो गया। महिला का पति प्रदेश रहता था। बताया जाता है कि मृतका गुड़िया उर्फ निराला तथा पिंटू के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसे महिला के परिजनों ने देख लिया था। लोक लाज के भय से महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी खबर सुनते ही युवक पिंटू भी गांव से दूर जाकर एक आम के पेड़ में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। एक साथ दो घटनाएं सुनकर गांव व क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। मृतक महिला गुड़िया उर्फ निराला का पति जीविकोपार्जन के लिए लखनऊ में मेहनत मजदूरी करता था। वह कभी कभार घर आता है। महिला की मृत्यु की खबर सुनकर वह सुबह घर पहुंचा। मृतक महिला के दो लड़की और दो लड़के हैं। बड़ी लड़की 12 वर्ष तथा छोटी 10 वर्ष लड़का 8 व 5 वर्ष का है।

मृतक पिंटू कश्यप क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था। वह दो भाइयों में सबसे छोटा था। दोनों मृतक एक ही बिरादरी के थे। दोनों का घर आस पास ही था। दोनों में भाभी व देवर का रिश्ता था। शायद इसी रिश्ते के चलते दोनों में हंसी मजाक प्रेम प्रसंग मे बदल गया। अंत में दोनों ने एक साथ अलग–अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। थानाध्यक्ष कौडिया प्रमोद कुमार ने बताया कि गुड़िया उर्फ निराला पत्नी मनोज कुमार उम्र 34 वर्ष अपने घर के अंदर पंखे के हुक से साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के पिंटू पुत्र कमलेश उम्र 17 वर्ष ने गांव से 200 मीटर दूर संतोष के खेत में लगे आम के पेड़ में रस्सी से गले में बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर कर लिया है। सबको पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है।

# मंडी समिति कर्नलगंज के सचिव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर निलंबन व गिरफ्तारी हेतु दिया गया ज्ञापन

गोण्डा। तहसील मुख्यालय स्थित मंडी समिति कर्नलगंज में करोड़ों के घोटाले का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विभिन्न समाचार पत्रों सहित न्यूज चौनल में प्रसारित खबरों का संज्ञान लेकर किसान यूनियन भानू गुट द्वारा सचिव मण्डी परिषद उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजकर मण्डी समिति सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रताप बली सिंह की अगुवाई में तहसीलदार को ज्ञापन देकर मंडी समिति कर्नलगंज में करोड़ों मंडी शुल्क जमा कराने वाले जिम्मेदार मण्डी सचिव के विरुद्ध जांच कर मुकदमा पंजीकृत कराने के साथ ही निलंबन की मांग की गई है व आरोप लगाया गया है कि कर्नलगंज मंडी समिति में योजनाबद्ध तरीके से सचिव व उनके स्टाफ द्वारा करोड़ों रुपए मंडी शुल्क का गबन किया गया है। सचिव द्वारा फर्जी बेनामी फर्मों का पंजीकरण कर लगभग उन्हीं फार्म के नाम पर व कुछ अन्य फर्मों के नाम पर सामग्री बाहर करने हेतु गेट पास दिया गया लेकिन मंडी समिति के खाते में शुल्क न जमा करके करोड़ों की चपत लगाई गई। संगठन द्वारा ज्ञापन में बड़ा आरोप लगाते हुए कहा गया है कि जांच में घोटाला व गबन सही पाए जाने के बाद भी वास्तविक घोटाले के जिम्मेदार सचिव मंडी समिति व उनके संबंधित लिपिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई बल्कि सचिव को बचाने के उद्देश्य से मण्डी में कार्यरत सबसे निचले स्तर के कर्मचारी चपरासी को निलंबित कर दिया गया है। जबकि यह घोटाला वर्षों से जारी था। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा उर्फ खन्नू मिश्रा,फरियाद अहमद पूर्व प्रधान, सुनील कुमार सिंह सहित अनेकों लोगों द्वारा चेतावनी भरे लहजे में कहा गया है कि यदि दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह आंदोलन हेतु बाध्य होगें। वहीं संगठन ने इस घोटाले की जांच आईएएस अधिकारी से कराने की मांग की है।

# 2015 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदेगी सरकार

अयोध्या। मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल के सभी जिला अधिकारियों को गेहू खरीद की बाबत निर्देशित किया है। जिसमें पहली अप्रैल से 2015 रुपये प्रति क्विंटल गेहू खरीद होनी है। रवि विपणन वर्ष 2022–23 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत अयोध्या संभाग के अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी में 01 अप्रैल से गेंहू खरीद शुरू हो जाएगी। सरकारी गेंहू खरीद केन्द्रों की स्थापना एवं उन पर जरूरी संसाधनों एवं सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। कमिश्नर ने बताया कि संभाग के जनपदों में संचालित होने वाले गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहू विक्रय करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग की वेवसाइट पर नवीन किसान पंजीकरण अथवा पूर्व पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। जो 16 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। किसान अधिक से अधिक संख्या मे पंजीकरण कराएं तथा अपना गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेंचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाएं।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सोहावल–अयोध्या। रौनाही पुलिस ने आरोपी को नेशनल हाईवे स्थित तिवारी ढाबा के पास से गिरफ्तार किया है ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान चला कर अपराधियों को पकड़ने की की कार्यवाही लगातार चल रही हैसउसी क्रम में आज थाना प्रभारी रौनाही शमशेर बहादुर सिंह ने अपने हमराहियों के साथ अपराध की समीक्षा व अपराधियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में निकले थेस मुखबिर से सूचना मिली कि नेशनल हाइवे पर तिवारी ढाबा के पास एक संदिग्ध खड़ा हैस कहीं भागने की फिराक में है। जानकारी मिलते ही पुलिस वहाँ पहुँची ही थी, कि उक्त संदिग्ध पुलिस को देखते ही भागने लगा।जिसको जाबाज सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ लियास उसकी पहचान ओमकार पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी हाजी पुर बरसेंडी थाना रौनाही के रूप में हुईस जो एक दुष्कर्म के मामले में वाछित है।थाना प्रभारी रौनाही ने बताया कि मु0अ0सं0 73ध्2021 धारा 363ध्366ध्376 भादवि व 3ध्4(प्) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त ओमकार उर्फ भोदू पुत्र रवीन्द्र कुमार उर्फ राघवेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू को लखनऊ फैजाबाद हाईवे पर स्थित तिवारी ढाबा के पास थाना रौनाही से समय 07.30 बजे गिरफ्तार किया गया हैस आरोपी को रिमान्ड के लिये भेज दिया गया है।

# जिला अस्पताल के पास पानी का भी बजट नहीं

अयोध्या। सरकार लोगों को पांच लाख का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का दावा कर रही है और जिला अस्पताल के पास मरीजों और तीमारदारों को पेयजल उपलब्ध कराने तक का बजट नहीं है। हाल यह है कि इस तपती गर्मी में मरीज और तीमारदार प्यास बुझाने के लिये बाजार से पानी की बोतल खरीदने को मजबूर हैं। वर्तमान में जिला चिकित्सालय मूलभूत आवश्यकतों को पूरा कर पाने में अपने को अक्षम पा रहा है। अस्पताल परिसर में लगा दोनों इंडिया मार्क 2 हैंडपंप खराब पड़ा है। मरीजों और तीमारदारों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये हृदय रोग वार्ड के बगल लगा आरो खराब होने के चलते बंद पड़ा है। यही हाल इमरजेंसी ओपीडी के बगल प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के पास लगे फ्रीजर का भी है। इस गर्मी के मौसम में फ्रीजर प्यासों को मुंह चिढ़ा रहा है। भीषण गर्मी में मरीज एवं मरीज के तीमारदार शुद्ध पेयजल के लिए दर–दर भटक रहे हैं या तो मजबूर होकर 20 रूपये का पानी का बोतल पानी खरीद रहे हैं। इस बाबत जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ चिरंजी राय का कहना है कि बजट खत्म हो गया है। नए वित्तीय वर्ष में नया बजट हासिल होने के बाद इंडिया मार्क 2 हैंडपंप, आरो एवं फ्रीजर को दुरुस्त कराया जायेगा।

# स्वास्थ्य कर्मियों को सीएमओ ने सम्मानित किया

करनैलगंज,गोंडा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक व प्रोग्राम मैनेजर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सीएमओ ने सम्मानित किया है। अस्पतालों पर प्रतिमाह 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमे गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सहित विभिन्न जांच व परामर्श के साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जाता है। हाईरिस्क वाली महिलाओं को चिन्हित करके उनकी विशेष व्यवस्था की जाती है। जिसमे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ जांच व निःशुल्क दवा वितरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज का उत्कृष्ट कार्य पाया गया। अधीक्षक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करने के लिये गोंडा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सीएचसी करनैलगंज के अधीक्षक डॉ.सुरेश चन्द्रा, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार यादव, बीसीपीएम सुरेंद्र यादव, नर्स मेंटर गुड़िया देवी, काउंसलर पंकज सिंह, एलटी विमल त्रिपाठी एवं कार्यालय सहायक अरुणेंद्र सिंह सहित करनैलगंज की टीम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राधेश्याम केसरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के पी सिंह ने संयुक्त रुप से सम्मानित किया है।

# डीएम–एसएसपी ने प्रश्नपत्र कक्ष का किया निरीक्षण

## रखरखाव के साथ सीसीटीवी कैमरों का लिया जायजा

अयोध्या। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा –2022 को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने परीक्षा केन्द्र राजकीय इंटर कालेज, फतेहगंज के प्रश्नपत्र रखाने के कक्ष, सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष तथा जनपद स्तरीय सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय द्वारा राजकीय इंटर कालेज में प्रश्नपत्र कक्ष के निरीक्षण के दौरान कक्ष में रखे गये प्रश्नपत्रों के समस्त पैकेटों के रख रखाव की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया गया, जिसमें प्रश्नपत्रों के रख रखाव की स्थिति ठीक पायी गयी। तदोपरांत अधिकारी द्वय द्वारा विद्यालय में नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु स्थापित सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरे क्रियाशील स्थिति में पाये गये। इसके उपरांत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा राजकीय इंटर कालेज में ही स्थापित जनपदीय नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ड्युटी पर तैनात समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के समस्त कक्षों पर सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से सतर्क दृष्टिध्निगरानी रखने के निर्देश दिये तथा किसी भी परीक्षा केन्द्र अथवा परीक्षा कक्ष पर किसी भी प्रकार की अनुचित साधनों, नकल के प्रयोग की प्रवृत्तिध्संभावना प्रतीत होने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को अवगत कराने व प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित हाईस्कूल एव इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, नकलविहीन, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीयता के साथ सम्पन्न कराने हेतु सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्व है। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न हेतु तैनात समस्त परीक्षा प्रभारीध् अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, डीआईओएस, जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को अपने–अपने सम्बंधित परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने तथा नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, परीक्षा प्रभारी व जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय, नियंत्रण कक्ष प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# तहसील कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील कार्यालय कर्नलगंज में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शाम घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर तहसील में स्थानीय अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय कर्नलगंज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजेश कुमार शाम ड्यूटी से वापस अपने घर जा रहे थे। जो ग्राम हरसिंघ पुर स्थित अपने घर के पास वाहन से उतरकर सड़क पार कर रहे थे तभी किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दिया जिससे हुई दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। कर्मचारी की मृत्यु की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी हीरालाल,तहसीलदार पुष्कर मिश्र,राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और तहसील के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा की गई। वहीं उनके निधन पर शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पेश की अनूठी मिशाल

करनैलगंज,गोंडा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने एक अनूठी मिशाल पेश की है। कंपोजिट विद्यालय खजुरिया डीह के प्रधानाध्यापक भगवान बख्श सिंह को सेवानिवृत्त होना था। स्कूल का काम सभी शिक्षक और कर्मी निपटा रहे थे, तभी अचानक स्कूल में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पाण्डेय स्कूल में दाखिल हुए। सभी को लगा कि स्कूल में अधिकारी जांच के लिए आए होंगे, मगर नजारा कुछ और ही था। देखते ही देखते अधिकारियों,कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने सेवानिवृत हो रहे प्रधानाध्यापक को फूल माला से लाद दिया। उनको बाकायदा अधिकारियों ने सफलतापूर्वक सेवा के लिए प्रमाणपत्र दिया अंगवस्त्र, राम चरित मानस देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने शिक्षक को भविष्य को शुभकामनाएं दी तथा अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए कहा। ऐसा करने के बाद से ही शिक्षकों तथा शिक्षक संगठनों ने एक स्वर में इस कार्य की सराहना की है।

# स्कॉर्पियो व सफारी सवार युवकों ने एक्सयूवी चालक को पीटा

## चालक की तहरीर पर सात के विरुद्ध मारपीट एवं लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित सिद्धनाथन मंदिर तिराहे के पास स्कॉर्पियो एवं सफारी सवार युवकों द्वारा एक्सयूवी वाहन चालक को रोककर मारपीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित एक्सयूवी चालक की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने चार युवकों सहित तीन अन्य अज्ञात के विरुद्ध मारपीट व लूट की गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के खिहारन गांव निवासी मोहम्मद ताहिर पुत्र मोबीन अहमद ने इनायत नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह गाड़ी सं यूपी 42 बी ए 6800 का चालक है। उसका आरोप है कि बीते 30 मार्च को शाम 4 बजकर 40 मिनट पर वह मिल्कीपुर से खंडासा थाना क्षेत्र स्थित अमरगंज बाजार जा रहा था। तभी अचानक मिल्कीपुर से सिद्धनाथन तिराहे के बीच सफेद रंग की स्कार्पियो गाड़ी संख्या यूपी 32 एल एस 9574 एवं सफेद रंग की सफारी गाड़ी संख्या यूपी 32 डीडी 8686 से सवार अवधेश यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव, वरुण तिवारी पुत्र सुरेंद्र तिवारी, हितेश पांडे पुत्र अज्ञात, निवासीगण ग्राम घटौली एवं राहुल मिश्रा पुत्र अज्ञात निवासी मंझनपुर सहित तीन अन्य अज्ञात लोगों ने गाड़ी संख्या यूपी 42 बी ए 6800 को टक्कर मारने की लगातार कोशिश की। दोनों गाड़ियों ने एक्सयूवी 6800 को घेर कर असलहे तान दिए। चालक मो ताहिर का आरोप है कि उसने जैसे ही गाड़ी रोका, दोनों गाड़ियों में सवार लोग उस पर हमलावर हो गए तथा जमकर मारने पीटने लगे। हमलावर लोगों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और गाड़ी में रखा सामान व जरूरी कागजात को भी फाड़ कर फेंक दिया। वाहन चालक का आरोप है कि उसके पास मौजूद 22 सौ रुपए भी छीन लिया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अमरगंज की ओर भाग गए। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायतनगर पुलिस एक्सयूवी सहित चालक ताहिर को थाने ले आई। चालक मोहम्मद ताहिर की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में अवधेश यादव, वरुण तिवारी, हितेश पांडे, राहुल मिश्रा सहित तीन अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 323, 341, 352, 394, 506 एवं 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही तोड़ी गई एक्सयूवी 6800 मिल्कीपुर क्षेत्र के एक भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व विधायक के निजी सचिव की बताई जा रही है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के घोड़वल पूरे सेख गांव निवासी मंगल पुत्र सियाराम अपना जीवन यापन करने के लिए इधर–उधर मेहनत मजदूरी किया करते थे। मेहनत मजदूरी के दौरान मंगल की मुलाकात घोड़वल गांव के राकेश पुत्र लोमई से हुई उन्होंने कहा कि मैं आपको दुबई के लिए वीजा बनवा दूंगा और जाकर वहां काम करना इस काम के लिए आपको 82 हजार रुपए लगेंगे। पीड़ित मंगल ने 65 हजार रुपए राकेश के खाते में दे दिया उसके बदले में उन्होंने फर्जी वीजा देकर घोड़वल गांव निवासी शकील के साथ दुबई भेज दिया।दुबई जाकर शकील ने मंगल से 17000 रुपए छीन लिए किसी तरीके से दुबई जान बचाकर अपने गांव पहुंचा पीड़ित ने कुमारगंज पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की मांग की है। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच के लिए पुलिस चौकी प्रभारी देवगांव मनीष चतुर्वेदी को दे दी गई है जांच होने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को किया गया सम्मानित

अयोध्या। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत बेहतर कार्य और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं को सीएमओ डा. अजय राजा ने शाने अवध सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय राजा ने होटल शाने अवध में उत्कृष्ट सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदान करने वाले चिन्हित निजी क्षेत्र की महिला चिकित्सकों के साथ साथ सरकारी क्षेत्र के चिकित्सकों, स्टॉफ नर्स, एएनएम , आशा का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी के सहयोग से लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, । इस मौके पर सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की नौ तारीखध् को जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें उचित देखभाल, उपचार और परामर्श देना है। ताकि जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ रहें और मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

सम्मान समारोह में विभिन्न मानदंडों के आधार पर सेवा प्रदातों को सम्मानित किया गया । सबसे ज्यादा उच्च जोखिम गर्भावस्था का चिन्हीकरण और उपचार करने वाली चिकित्सा इकाई के रूप में जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, स्टॉफ नर्स , एएनएम और आशा के साथ साथ निजी चिकित्सालयों की महिला विशेषज्ञ चिकित्सकों, देवा मेमोरियल से डा. सुमिता वर्मा, चिरंजीव हॉस्पिटल से डा. जयंती चौधारी, यशलोक हॉस्पिटल से डा.मृदुला वर्मा, पल्स हॉस्पिटल से डा. सैयदा रिजवी, लोकप्रिया हॉस्पिटल से डा. प्रियंका खरे, निर्मला हॉस्पिटल से डा. रंजू बनोधा, मंगलम हॉस्पिटल से डा. ज्योति सिंह को सम्मानित किया गया । इसके साथ ही सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने वाले सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को सम्मानित किया गया । जिसमे यूनिसेफ से जय सिंह को विशेष रूप से पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी एसीएमओ, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएमएचसी, डीआईसी व स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुस्कुराइये आप करनैलगंज में हैं। ये शब्द लिखे सरकारी बोर्ड को जहां लगाया गया है वहां कूड़ों का ढेर

करनैलगंज,गोंडा। मुस्कुराइये आप करनैलगंज में हैं। ये शब्द लिखे सरकारी बोर्ड को जहां लगाया गया है वहां कूड़ों का ढेर साफ दिखाई देता है। बोर्ड पर लिखे शब्द व गन्दगी देख लोग करनैलगंज का मखौल उड़ाते हैं। एसडीएम हीरालाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका के ईओ को पत्र भेजा है। करनैलगंज के रेलवे स्टेशन से निकल कर रोड पर आते ही बाहर यह बोर्ड लगा है। उस बोर्ड के आसपास गन्दगी का अंबार है। हालांकि वह भूमि रेलवे की है। मगर परिक्षेत्र नगर पालिका का आता है। इसके साथ ही नवरात्रि व रमजान की शुरुआत एक साथ हो रही है फिर भी नगर में पूजा स्थलों के आसपास की साफ सफाई व्यवस्था चुस्त नही है। दूसरी तरफ पूजा स्थलों के आसपास गन्दगी व कूड़ा लगाने को लेकर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की है। उधर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार लोगों की उदासीनता का संज्ञान लेकर उपजिलाधिकारी हीरालाल ने नपाप की अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि नगर क्षेत्र की मंदिरों के आसपास कूड़ा एकत्र किया जा रहा है, जो सही नही है। आगामी 2 अप्रैल से नवरात्रि का त्योहार प्रारम्भ हो रहा है। त्यौहार से पूर्व कूड़ा हटवाकर साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष सोनी, मुकेश कुमार वैश्य, नरेंद्र सोनी आदि ने मंदिरों के आसपास कूड़ा न एकत्र किये जाने की मांग की है।


# महिला के साथ छेड़खानी व पिटाई करने का मामला सामने आया

करनैलगंज,गोंडा। घर मे घुसकर एक अनुसूचित जाति की महिला के साथ छेड़खानी करते हुये पिटाई करने का मामला सामने आया है। प्रकरण कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत एक गांव से जुड़ा है। यहां की निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। दोपहर बाद वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ दरवाजे पर मौजूद थी। उसी बीच पांच लोग लाठी डंडा से लैस होकर उसका घर कब्जा करने की नियत से उसके दरवाजे पर पहुंचे और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुये गाली देने लगे। विरोध करने पर पांचों लोग जान से मारने की नियत से हमलावर हो गये। वह अपने परिवार के सदस्यो के साथ जान बचाकर घर के अंदर चली गई जिस पर पीछा करते हुये पांचों लोग घर के अंदर घुस गये और उसके साथ छेड़खानी करते हुये मारने लगे। हल्ला गुहार पर आसपास के लोग दौड़े जिस पर पांचों लोग भाग निकले। तब तक वह चोटिल हो चुकी थी। महिला ने मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी कोतवाल सीपी सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है। फिर भी यदि ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

# गोंड दुनिया के सबसे बड़े आदिवासी समूहः सांसद जगदम्बिका पाल

मनोज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान लोक सभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदम्बिका पाल ने संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022 विधेयक पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 (अनुसूचित जनजाति आदेश) और संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में संशोधन करने के लिये लाया गया। यह विधेयक उत्तर प्रदेश के गोंड समुदाय को चार जिलों में अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी जाएगी इस बिल से उत्तर प्रदेश के चार जिलों (प) चंदौली, (पप) कुशीनगर, (पपप) संत कबीर नगर, और (पअ) संत रविदास नगर के गोंड समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता देने के लिए संशोधन हेतु लाया गया है। 2002 में, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम के माध्यम से गोंड समुदाय को अन्य लोगों के साथ अनुसूचित जाति सूची से अनुसूचित जनजाति में स्थानांतरित कर दिया गया ये जनपद है महराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र को पहले ही अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जा चुका है। लंबे समय तक, उत्तर प्रदेश में जनजातियों की उपस्थिति पर बहुत कम ध्यान दिया गया। उत्तर प्रदेश में गौंड समुदाय का बढ़ता राजनीतिक गोंडवाना आंदोलन के कारण है, जो समुदाय के उत्थान का प्रयास करता रहता है और 1990 के दशक से राज्य में सक्रिय है। 1970 के दशक की शुरुआत तक, उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, उत्तर प्रदेश में कोई अनुसूचित जनजाति नहीं थी। 2001 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 1,07,963 थी, जो राज्य की कुल जनसंख्या का 0.1 प्रतिशत है। 2011 तक, जनसंख्या बढ़कर 0.8 प्रतिशत हो गई। कुछ कार्यकर्ताओं के अनुसार, यह डेटा कई विसंगतियों के साथ गलत है। यूपी में 50 से 60 लाख गोंड हैं। उत्तर प्रदेश में खारवार जैसी अन्य जातियों को शामिल करने से कुल आदिवासी आबादी एक करोड़ से अधिक हो गई है। गोंड तकनीकी रूप से संविधान में सूचीबद्ध 13 जिलों में हैं। लेकिन हकीकत में ये 62 जिलों में मुलतः फैले हुए। इसके अलावा, इन जनजातियों को केवल 13 जिलों में मान्यता प्राप्त है, भले ही समुदाय की उपस्थिति पूरे राज्य में है। राज्य के अन्य जिलों में ये एससी श्रेणी में बने हुए हैं। इंडियन एंथ्रोपोलॉजिकल सोसाइटी गोंडों को द्रविड़ समूह से संबंधित कृषि समुदाय के रूप में वर्णित करती है। गोंड दुनिया के सबसे बड़े आदिवासी समूहों में से एक हैं। वे ज्यादातर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में रहते हैं। 2022–22 के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए 8451 करोड़।




आदिवासी विकास के लिए 58,399 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासश् के विजन को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने जनजातियों के विकास और उनकी विरासत और संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता के तौर पर केंद्रित किया है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ संघर्ष करने वाले आदिवासियों के योगदान को स्वीकार करने के लिए आदिवासी अनुसंधान संस्थानों को समर्थन की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत मणिपुर सहित 10 राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय को मंजूरी दी है। झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय और पार्क का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के गांव में रानी गाइदिनल्यू आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय लुआंगकाओ की आधारशिला रखी। इसके अलावा, मैं उत्तर प्रदेश राज्य में एसटी सूची में गोंड समुदाय को शामिल करने और जाति प्रमाण पत्र को आसानी से जारी करने के लिए सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं।

# नव वर्ष पूर्व संध्या पर पथ संचालन कार्यक्रम सम्पन





जय गोविन्द साहू/
दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। प्रतिवर्ष भारतीय नव वर्ष पूर्व संध्या पर पथ संचालन का कार्यक्रम होता है, विगत वर्ष कोरोना के कारण पथ संचलन का कार्य स्थगित कर दिया गया था इस बार शुक्रवार को तिलक इंटर कॉलेज बांसी से पथ संचलन का शुरुआत किया गया जो कि रोडवेज मुख्य चौराहा होते हुए पेट्रोल पंप से बांसी ब्लॉक होते हुए पंच शिखा मंदिर वहां से गैस एजेंसी वाले मार्ग होते हुए कोतवाली चौराहा श्री कृष्णा मार्केट टेकधर मंदिर लोहा मंडी होते हुए राजा पशुपति भवन के सामने से सर्राफा मार्केट तथा डॉक्टर सी एस गली होते हुए पुरानी कचहरी रोडवेज चौराहा और फिर तिलक इंटर कॉलेज पर आकर के पथ संचलन का कार्यक्रम समाप्त हुआ, इस दौरान लोगों ने पूरे उत्साह से जगह जगह पुष्प की वर्षा तथा चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दिखाई दिए इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अपने दल बल के साथ मौजूद रहे, पथ संचलन कार्यक्रम में अजय कुमार श्रीवास्तव अज्जू भैया, गौरी शंकर अग्रहरि, रामशरण मौर्य, अमरनाथ अग्रहरि, जयंती प्रसाद उपाध्याय, राकेश त्रिपाठी, ऋषि श्रीवास्तव शैलेंद्र प्रताप सिंह गोपाल जी मोदनवाल सोनू जयसवाल मंगल प्रसाद चौरसिया कृष्ण प्रताप सिंह राजेश सोनी संजय मोदनवाल, सत्येंद्र कुमार सिंह,हर गोविंद साहू, धर्मेंद्र गुप्ता बलराम कुलश्रेष्ठ हजारी गुप्ता सनी जयसवाल,सुरभान जयसवाल, प्रांत प्रचारक अजय गोरखपुर गोरक्ष प्रांत,रामचंद्र मुंशी जी विभाग संघचालक ,दिनेश पांडे जी जिला संघचालक ,मोहित जी जिला कार्यवाह ,अजीत जी जिला प्रचारक, सभाजीत जी धर्म जागरण विभाग समन्वय, परमात्मा प्रसाद पांडे जी वरिष्ठ स्वयंसेवी,नगर संघचालक अशोक श्रीवास्तव जी धर्म जागरण, मिठवल से कृष्ण कुमार, उपेंद्र नाथ नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख आदि मौजुद रहे।

# गिरजेश तिवारी बने ने इंटर कालेज के प्रधानाचार्य

बडहलगंज। स्थानीय नेशनल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रहे डा. शैलेश त्रिपाठी के गुरुवार को सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व क्षेत्र के टाड़ा गांव निवासी गिरजेश तिवारी नये प्रधानाचार्य बने। शुक्रवार को ही निवर्तमान प्रधानाचार्य का विदाई समारोह संपन्न हुआ। निवर्तमान प्रधानाचार्य ने कहा कि विदाई शब्द दुखद नही सुखद होता है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। उसका कर्म हमेशा समाज में चर्चित रहता है। अध्यक्षता करते प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक का विद्यालय के प्रति समपर्ण ही शिक्षा को आगे बढ़ाता है। विद्यालय परिवार द्वारा डा.शैलेश त्रिपाठी को अंगवस्त्र, रामायण सहित अन्य सामान देकर सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। कन्हैयालाल त्रिपाठी,.अनिल कुमार पांडेय, प्रकाश चंद पांडेय, विष्णुदयाल त्रिपाठी, रामजनम निषाद,सुशील कुमार, रतींद्ररंजन पांडेय, डा. सुरभि राय, डा. घूमा सिंह, संतोष कुमार,गिरीश मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।



## प्रदेश में कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ

बस्ती सू0वि0, प्रदेश में कोविड–19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के उनके भरण–पोषण, शिक्षा चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की है। शून्य से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता अथवा दोनों की मृत्यु कोविड–19 के संक्रमण से हो गई है। ऐसे बच्चों को रू0 4000ध्– प्रतिमाह की दर से सरकार द्वारा सहायता दी जा रही है। इस महामारी में कुछ ऐसे बच्चे जो पूर्णतया अनाथ हो गए हैं, उन्हें बाल कल्याण समिति के आदेश से महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बाल्य देखभाल संस्थाओं में आवासित कराया जा रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की कक्षा–12 तक की निःशुल्क शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालयों तथा बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार अनाथ हुई बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी हेतु रू0 101000ध्– (एक लाख एक हजार) की राशि भी उपलब्ध करा रही है। ऐसी श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले कक्षा–9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को सरकार द्वारा ज्ंइसमजध्स्ंचजवच भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। प्रदेश में जनपद स्तर पर अनाथ हुए बच्चों को लाभ दिलाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को अपनी देखभाल में रखने वाले अभिभावकों से सम्पर्क कर आवेदन पर भराए जा रहें हैं। अब तक प्रदेश में 9,904 ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता दोनों या माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड से हुयी है, को चिन्हित कर लगातार त्रैमासिक रूप में अग्रिम धनराशि प्रेषित करते हुए प्रदेश सरकार इनका भरण–पोषण, शिक्षा, चिकित्सा, बालिकाओं के विवाह आदि पर धनराशि दे रही है। प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी ने कोविड–19 के कारण माता–पिता दोनों या किसी एक अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों के साथ ही अब उन बच्चों को भी हरसंभव मदद पहुँचाने की योजना शुरू की है जिन्होने कोविड से इतर कारणों से कोरोना काल में अपनों को खोया है। सरकार द्वारा जुलाई 2021 में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) शुरू की गई है। इस योजना का लाभ बच्चों, किशोरों को प्रदान किये जाने हेतु सरकार द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इस योजना के अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे जिन्होनें कोरोना से इतर कारणों से पहली मार्च 2020 के बाद माता–पिता दोनों या किसी एक को अथवा अभिभावक को खोया है, उनको प्रतिमाह 2500 रूपये की मदद पहुंचाई जा रही है। इस श्रेणी में आने वाले 18 से 23 साल के युवकध्युवती जिन्होंने कक्षा–12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राजकीय डिग्री कालेज, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाह रहे हैं, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा नीट, जेईई व क्लैट जैसे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक, इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

# जिले में होंगे मुख्यमंत्री, सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण

## तीन अपर पुलिस अधीक्षक के कमांड में होगी सीएम की सुरक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एएसपी सुरेश चन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि,शनिवार को जनपद के बीएसए मैदान में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री का जनपद आगमन के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, यातायात, पार्किग व्यवस्था व अन्य ड्यूटी में कुल तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 10 क्षेत्राधिकारी, 17 प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष, 18 निरीक्षक, 165 उ0नि0, 797 मुख्य आरक्षीध्आरक्षी, 85 महिला आरक्षी व 22 ट्रैफिक पुलिस, 02 फायर टेण्डर, 42 एल0आई0यू0 के अधि10ध्कर्मचारीगण की ड्यूटी लगायी गयी है। साड़ी से और हाईडिल तिराहे के मध्य कार्यक्रम में आने वाले व्यक्तियों तथा अस्पताल आनेवा जाने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त सामान्य आवागमन वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट रहेगा स कार्यक्रम में आने वाली बसों की पार्किंग स्टेडियम में तथा छोटे वाहनों की पार्किंग रेस्ट हाउस के सामने बसदीलिया मोड़ के पास खाली मैदान में तथा मीडिया की पार्किंग बीएसए कार्यालय के पीछे ग्राउंड में होगी स रूफटॉप ड्यूटी बायना कूलर और वायरलेस सेट के साथ लगाई गई है। 8 डी एफएमडी लगाए गए हैं पर्याप्त चेकिंग फ्रिस्किंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।



# खिरकिया नव निर्माण पुले के रास्ते मे हुये अवैध कब्जा धारियों पर चला बुलडोजर

खिरकिया/कुशीनगर। पडरौना कोतवाली के खिरकिया बाजार में नव निर्माण पुल के रास्ते मे हुये अवैध कब्जा धारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर । बताते चले कि पडरौना जटहा मार्ग व पडरौना बांसी मार्ग को जोड़ने वाला खिरकिया झरहि नदी पर हुये नव निर्माण पुल के रास्ते मे कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था जिसको प्रशासन द्वारा बार बार नोटिस देने के बाद भी लोग अपने द्वारा किये अतिक्रमण को नही हटा रहे थे ।जिससे पीडब्लूडी को सड़क निर्माण करने में बाधा उत्पन्न हो रहा था ।जिसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम पडरौना महात्मा सिंह अपने पूरी प्रशासनिक टीम के साथ खिरकिया में पहुँचे और जेसीबी मशीन मंगाकर अतिक्रमण करियो पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिए जिसके बाद अतिक्रमण करियो में हड़कम्प मच गया ।इस मौके नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार , राजस्व निरीक्षक बलराम कुशवाहा, लेखपाल ,रामदर्शन शर्मा ,मनोज चौरसिया,राजकुमार सिंह, बंशबहादुर यादव ,पीडब्लूडी के सहायक अभियंता मुकेश कुमार वर्मा ,कुणाल कुमार यादव ,जेई राजगोपाल प्रसाद ,सुरक्षा ब्यवस्था में लगे पडरौना सीओ कुंदन सिंह ,व पडरौना कोतवाली प्रभारी निर्भय सिंह अपने पुलिस कर्मियों संघ उपस्थित रहे ।

# पुलिस की पिटाई से नाराज महिलाए सड़क पर लेटी,पुलिस के पसीने छूटे

## खजनी थाना गेट के सामने का मामला,घंटो सड़कों पर लगा रहा जाम

दैनिक बुद्ध का संदेश

खजनी/गोरखपुर। खजनी थाना गेट के सामने महिला पुलिस की पिटाई से नाराज तीन महिलाओं सड़क पर लेट गई।मामला शांत कराने में खजनी पुलिस के पसीने छूट गए। लेकिन महिलाए सड़क पर डटी रही। सी ओ अनिल कुमार के प्रयास से मामला शांत हुआ। तब जाकर पुलिस राहत की सांस ली।आवागमन एक घण्टे बाधित रहा जहा सड़क पर राहगीरों व वाहनों को झेलना पड़ा। खजनी थाना क्षेत्र के खुटभार गांव निवासी लक्ष्मण पाठक व उनकी सौतेली मां पुष्पा पाठक जमीन जायदाद के बटवारे को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है।लक्ष्मण के पिता की मृत्यु हो चुकी है वह तीन शादी किए थे पहली दो पत्नीया मर चुकी है तीसरी पत्नी पुष्पा पाठक के नाम से मृतक पूरी प्रापर्टी वसीयत कर चुके है।जबकि दूसरी पत्नी का लड़का लक्ष्मण पाठक 38 बर्ष का है जो प्रापर्टी में हिस्सा मांग रहा है।लेकिन सौतेली मां पुष्पा पाठक प्रापर्टी में कुछ भी देने को तैयार नहीं है। इस संबंध में खजनी पुलिस ने बृहस्पतिवार को दोनो पक्षों को पुलिस ने थाने में बुलाया था जहां दोनो पक्ष थाने में मौजूद होकर अपनी अपनी फरियाद कर रहे थे,चुकी पुष्पा पाठक के साथ उनकी विवाहित दो लड़कियां भी थाने में गई थीं। इसी बीच पुष्पा पाठक के लड़कियों से एक दरोगा की कहासुनी हो गई जहा मौजूद महिला पुलिस ने पुष्पा पाठक की लड़कियों को थप्पड़ जड़ दिया। आक्रोशित लड़कियों ने तत्काल थाने से निकलकर गेट के सामने सड़क पर लेट गई जहां सड़क के दोनो ओर जाम की लंबी कतार लग गई। घंटो महिला पुलिस के मशक्कत के बाद भी महिलाए सड़क पर डटी रही। उसके बाद सी ओ अनिल कुमार सिंह के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।लगभग दो घण्टे जाम लगा रहा। पुलिस ने महिलाओं को थाने में बड़ी देर तक समझाया लेकिन कोई हल न निकल सका। सी ओ अनिल कुमार सिंह ने बताया मामला प्रापर्टी का है जो न्यायालय में वो विचाराधीन है।दोनो पक्षों का मामला न्यायालय ही निर्णय करेगी।



**सूचना**

**मैं धनीराम पुत्र बंशी साकिन–इमिलिया, थाना त्रिलोकपुर ,जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी हूं मैं यह शपथ पत्र देता हूं कि मेरा लड़का धर्मजीत पुत्र धनीराम मेरा कहा नहीं मानता है अक्सर गायब रहता है मेरे व परिवार के समझाने बुझाने पर मारपीट करता है धर्मजीत का क्रियाकलाप संदिग्ध है इसलिए मैं अपने लड़के धर्मजीत पुत्र धनीराम को अपने सभी संपूर्ण चल एंव अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा उसके द्वारा किए गए कार्य के लिए वह स्वयं उत्तरदाई होगा, मेरा व मेरे परिवार का उसके किसी भी कार्य से कोई लेना–देना नहीं होगा, भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति धर्मजीत से कोई लेन–देन करता है तो वह स्वयं का जिम्मेदार होगा।**

**प्रार्थी**
**धनीराम पुत्र बंशी**
**साकिन–इमिलिया**
**थाना त्रिलोकपुर**
**जनपद सिद्धार्थनगर**

**दिनांक–01.04.2022**

# सम्पादकीय

**हाई कोर्ट ने कहा कि संसद कानून में मौजूद असमानताओं को दूर करना चाहिए। यानी बात घूम–फिर कर संसद के दायरे में पहुंचती है। बहरहाल, हाई कोर्ट ने कहा– सदियों पुरानी सोच है कि पति अपनी पत्नियों के शासक होते हैं। वे उनके शरीर, उनके मन और आत्मा पर राज करते हैं। इस सोच को मिटा दिया जाना चाहिए...**

## गडकरी की सलाह, सुनें



नितिन गडकरी कांग्रेस की भूमिका पर ऐसी बात कही है, जो सत्ताधारी नैरेटिव से अलग है। इसके बावजूद सच यही है कि गडकरी की शुभकामनाएं कांग्रेस के बहुत काम नहीं आएंगी। हां, अगर वह गडकरी की सलाह सुन कर उस दिशा में अमल करे, तो यह जरूर काम की बात हो सकती है।

आज के दौर में भारतीय जनता पार्टी में नितिन गडगरी अकेले ऐसे नेता हैं, जो पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की तरफ से चलाए गए नैरेटिव से अलग अपनी राय जताने का साहस दिखाते हैं। जिस सरकार के कार्यकाल में सारा जोर जवाहर लाल नेहरू और उनकी विरासत को लांछित करने पर रहा है, उसमें रहते हुए पहले भी कई मौकों पर वे आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर चुके हैं। बहरहाल, इस बार उन्होंने देश की वर्तमान राजनीति में कांग्रेस की भूमिका पर ऐसी बात कही है, जो आज के सत्ताधारी नैरेटिव से बिल्कुल अलग है। जब कांग्रेस मुक्त भारत आज की भाजपा का घोषित उद्देश्य है, उस समय गडकरी ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र के सेहत के लिए कांग्रेस का मजबूत बने रहना जरूरी है। ऐसा हो, इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं। बहरहाल, इसी बीच उन्होंने एक ऐसी बात कही, जिसे इस चर्चा में बेहद अहम समझा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के लोगों को सलाह दी कि वे अपनी विचारधारा पर टिके रहें और उसके लिए काम करते रहें। आज कांग्रेस के सामने जो गहन प्रश्न उपस्थित हैं, उनमें विचारधारा भी एक है। नेतृत्व से लेकर जमीनी स्तर तक कांग्रेस के जो बचे–खुचे कार्यकर्ता हैं, उनके लिए इस सवाल का जवाब देना आज कठिन हो सकता है कि आखिर कांग्रेस की विचारधारा है क्या? खासकर आज के दौर में इस विचारधारा को किस रूप में समझा जाना चाहिए? आज के कांग्रेसियों की सोच इंदिरा गांधी के दौर से पीछे नहीं जाती। अधिक से अधिक उन्हें यही मालूम है कि वे भाजपा नहीं हैं। भाजपा से उनका मतलब धर्म की सियासत करने वाली पार्टी है। लेकिन वे खुद क्या हैं, इसे परिभाषित करने में वे अक्सर अक्षम पाए जाते हैं। सत्ता से बाहर हो जाने के आठ साल बाद तक पार्टी नेतृत्व ने इस और ऐसे तमाम बिंदुओं को स्पष्ट करने की दिशा में कोई काम नहीं किया है। सच्चाई तो यह है कि नेतृत्व को लेकर भी पार्टी भटकती रही है। ऐसे में संगठन खड़ा करना होना दूर की बात है। इसीलिए कहा जा सकता है कि गडकरी की शुभकामनाएं कांग्रेस को बहुत काम नहीं आएंगी। हां, अगर वह गडकरी की सलाह सुन कर उस पर अमल करना शुरू करे, तो यह जरूर काम की बात हो सकती है।

## अब अपराध छिपाना मुश्किल

वेद प्रताप वैदिक

भारत सरकार अपराधियों की पहचान के लिए एक नया कानून बनाना चाहती है। उसने संसद में जो विधेयक पेश किया है, उसके तहत अब पुलिस उन सभी लोगों की पहचान के नए तरीके अपनाएगी, जो या तो गिरफ्तार हुए हैं या जिन्हें सजा हुई है या जो नजरबंद किए गए हैं। ऐसे लोगों की पहचान का पुराना सिलसिला 1920 में बने कानून के तहत अभी तक चल रहा है। 100 साल पुराने इस कानून के मुताबिक उक्त श्रेणियों के लोगों की उंगलियों, हथेलियों और पगथलियों के छापे ले लिये जाते हैं लेकिन अब इस नए कानून के मुताबिक उक्त तीनों के अलावा उनके फोटो, आंख की पुतलियों के चित्र, शारीरिक और जैविक तत्वों, उनके हस्ताक्षर आदि के पहचान–प्रमाण भी पुलिस अपने पास संभालकर रखेगी। ये प्रमाण 75 वर्ष तक रखे जाएंगे। इस विधेयक के संसद में पेश होते ही विपक्षी सांसदों ने इस पर हमला बोल दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के पहचान–प्रमाण इकट्ठे करना मानव अधिकारों का हनन है। यह लोगों की गोपनीयता का सरासर उल्लंघन है। ऐसे लोगों की भी गोपनीयता इस कानून से भंग होती रहेगी, जिन्हें फर्जी आरोपों में गिरफ्तार और नजरबंद कर लिया गया होगा। पुलिस तो उन सरकार–विरोधी प्रदर्शनकारियों को पकड़कर उनके सारी निजी और गोपनीय जानकारियां भी इकट्ठी कर लेगी, जिनका अपराध से दूर–दूर का भी कोई संबंध नहीं है। विपक्षी सदस्यों का आरोप था कि यह विधेयक न केवल भारतीय संविधान बल्कि संयुक्तराष्ट्र संघ घोषणा–पत्र का भी उल्लंघन करता है। उन्हें यह इतना आपत्तिजनक लगा कि यह विधेयक पेश किया जाए या नहीं, इस मुद्दे पर भी मतदान करवाना पड़ गया। विधेयक पेश तो हो गया है, लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आ रहा है कि हमारे नेता लोग अपनी गोपनीयता को इतना ज्यादा महत्व क्यों देते हैं? उनका जीवन और नागरिकों का जीवन खुली किताब की तरह क्यों नहीं होना चाहिए? आप कोई बात या काम छिपाना चाहते हैं, इसका मतलब क्या यह नहीं हुआ कि आप कोई न कोई गलत काम कर रहे हैं? इसके अलावा अब अपराध करने के बहुत–से नए तरीके अपनाए जाने लगे हैं तो उनको पकडने के 100 साल पुराने तरीकों से आप क्यों चिपके रहना चाहते हैं? अब ऐसे तरीके पुलिस को क्यों नहीं अपनाना चाहिए, जिनसे अपराधियों की पहचान तुरंत हो सके और उनका जांच से बच निकलना भी मुश्किल हो। इस कानून में एक सराहनीय प्रावधान यह भी है कि यदि किसी ऐसे व्यक्ति के पहचान–प्रमाण पुलिस ने इकट्ठे किए हैं, जिसने पहले कभी कोई अपराध नहीं किया हो और वर्तमान मुकदमे में अदालत ने जिसे निर्दोष पाया हो, उसके सारे पहचान–प्रमाण नष्ट कर दिए जाएंगे। अर्थात इस कानून का मूल उद्देश्य अपराधियों को तुरंत पकडना है न कि निर्दोष लोगों की निजता या गोपनीयता भंग करना।

## जनगण को बचाओ, देश बचाओ

**बीएमएस फिलहाल यही कर रही है। वैसे इस हड़ताल को अखिल भारतीय असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस की तरफ से भी समर्थन मिला है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि राहुल गांधी बंद में शामिल वर्गों की मांगों के पक्ष में अपनी बात रखते रहे हैं। दरअसल जो भी नागरिक इस देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए फिक्रमंद है, उसे इस हड़ताल से एक उम्मीद बंधी है कि सरकार की ...**

हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद केंद्र पर सत्तारुढ़ भाजपा को यह भरोसा हो चला है कि आज के दौर के भारत में ऐसी कोई शक्ति नहीं है, जो उसे मात दे सके। अपने इसी गुमान के चलते भाजपा सरकार जनता की भावनाओं की कद्र किए बगैर मनमाने फैसले लेती है। लेकिन भाजपा को ये याद रखना चाहिए कि देश में अब भी लोकतंत्र जिंदा है। 28 और 29 मार्च को मजदूर संघों की दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल से जो माहौल बना है, उससे यह आभास होता है कि मोदी सरकार के आगे सभी लोग आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, कुछ लोग हैं, जो अब भी विरोध की ताकत और हिम्मत रखते हैं। सीटू, एटक, ऐक्टू, और इंटक समेत 10 केंद्रीय मजदूर संघों के संयुक्त फोरम ने देश के तमाम मेहनतकश लोगों से इस हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया और इसका व्यापक असर देखने मिल रहा है। कम से कम 20 करोड़ लोग इस हड़ताल का हिस्सा बन रहे हैं। किसान–आंदोलन के नेतृत्वकारी मंच संयुक्त किसान मोर्चा और कई छात्र संगठन भी इस हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं। कोयला, इस्पात, तांबा, तेल, दूरसंचार, डाक, आयकर और बीमा जैसे विभिन्न क्षेत्रों तथा असंगठित क्षेत्रों के श्रमिक, रेलवे और रक्षा क्षेत्र की यूनियनें और बैंक कर्मचारी भी हड़ताल के समर्थन में एकजुट हुए हैं। बैंक यूनियनें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की सरकार की योजना के साथ–साथ बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2021 के विरोध में हड़ताल में भाग ले रही हैं। हरियाणा में एस्मा लागू होने के बावजूद बिजली, रोडवेज और ट्रांसपोर्ट कर्मियों ने हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया। जबकि प.बंगाल में वामदलों के सत्ता से हटने का असर इस तरह नजर आया कि टीएमसी सरकार ने आदेश जारी किया है कि हड़ताल के दिन सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे और उस दिन कर्मचारी छुट्टी भी नहीं ले सकेंगे, अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन काटा जाएगा। ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस ने कुछ प्रमुख मांगे हड़ताल के दौरान सामने रखी हैं। जिनमें महंगाई, बेरोजगारी और छंटनी का मुद्दा तो शामिल है ही। इसके अलावा चार श्रम कोड खारिज करने, काम तथा रोजगार के अधिकार की गारंटी, शहरी गरीबों के लिए मनरेगा जैसी योजना, 100 प्रतिशत एफडीआई और कारपोरेटीकरण समेत निजीकरण पर रोक, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइप लाइन और विद्युत (संशोधन) बिल वापस लेना, फ्रंट–लाइन वर्कर्स के लिए बीमा और सुरक्षा की गारंटी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, खाद्य वितरण व्यवस्था व खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेना, देशद्रोह और यूएपीए जैसे काले कानून रद्द करना और राजनैतिक बंदियों को रिहा करना शामिल है। इन मांगों से स्पष्ट होता है कि यह केवल मजदूरों और कर्मचारियों की हड़ताल नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई भी है। क्योंकि इस हड़ताल की धार मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को उधेड़ती हुई दिखाई देती है। यह अकारण नहीं है कि इस हड़ताल में किसान और छात्र भी शामिल हो रहे हैं। क्योंकि इन सबके सरोकार साझा हैं। मगर देश की एक और यूनियन, आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ को इन सबका साथ आना खटक रहा है। अजीब बात है कि मजदूरों के कल्याण का दावा करने वाली बीएमएस ने खुद को इस हड़ताल से अलग रखा है। बीएमएस का मानना है कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित है और इसका मजदूरों के हित से कोई लेना देना नहीं है। बीएमएस ने सवाल किया है कि इस हड़ताल का किसान व छात्र संगठन से क्या मतलब, वे क्यों समर्थन कर रहे हैं। बीएमएस ने आरोप भी लगाया है कि मजदूरों का इस्तेमाल चंद यूनियनें अपनी पार्टियों के फायदे के लिए कर रही हैं। बीएमएस के सवाल और आरोप पहली नजर में हास्यास्पद लग सकते हैं, लेकिन ये असल में भाजपा के उद्योगपति हितैषी रवैये की ढाल बनने के लिए उठाए गए हैं। देश में केवल मजदूर ही नहीं, बल्कि किसानों, छात्रों और स्वतंत्र आवाज रखने वालों का एक बड़ा तबका सरकार के अत्याचार का शिकार है। चाहे शाहीन बाग का आंदोलन हो या किसान आंदोलन या फिर परीक्षाओं और नौकरियों को लेकर छात्रों का आक्रोश, देश इन सबका गवाह पिछले कुछ बरसों में बना है। हर बार विरोध की आवाजों को कुचलने का काम सरकार ने किया है। ऐसे में अगर मजदूर संघों की संयुक्त हड़ताल में अगर ये संगठन भी शामिल होते हैं, तो इसका मतलब यही है कि देश में सरकार का विरोध करने के लिए एक बड़ा वर्ग, एक साथ उठ खड़ा हुआ है। इस हड़ताल से मोदी सरकार को मजबूर किया जा सकता है कि वो उन फैसलों को वापस ले, जिनसे कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचता है, जबकि इन वर्गों के शोषण की आशंकाएं बढ़ती हैं। इसलिए इस हड़ताल के खिलाफ खड़े होने का मतलब है अपनी कार्पोरेटपरस्ती को जाहिर करना। बीएमएस फिलहाल यही कर रही है। वैसे इस हड़ताल को अखिल भारतीय असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस की तरफ से भी समर्थन मिला है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि राहुल गांधी बंद में शामिल वर्गों की मांगों के पक्ष में अपनी बात रखते रहे हैं। दरअसल जो भी नागरिक इस देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए फिक्रमंद है, उसे इस हड़ताल से एक उम्मीद बंधी है कि सरकार की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाने का माद्दा अब भी इस देश के लाखों लोगों में बचा हुआ है। वर्ना तो पांच किलो मुफ्त अनाज के बदले अपने हितों को गिरवी रखने की बात खटकने लगी थी। श्जनगण को बचाओ, देश बचाओश् ऐसे नारों के साथ की गई हड़ताल मोदी सरकार को आत्मविश्लेषण के लिए मजबूर करती है या नहीं ये देखना होगा।

## न्यू इंडिया का नया रिकॉर्ड-400 बिलियन डॉलर का व्यापार निर्यात

> **हमारी सरकार के पास महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक ट्रैक रिकॉर्ड है। चाहे वह देश के हर गांव का विद्युतीकरण हो। अक्षय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ–साथ इसकी लागत में तेज गिरावट होय एलईडी क्रांति, जिसने ऊर्जा की कम खपत करने वाले बल्ब की लागत को काफी कम कर दिया हो या परिदृश्य बदलने वाली कल्याणकारी योजनाएं हों– जैसे आम ...**

पीयूष गोयल

भारत की रिकॉर्ड 400 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात की उपलब्धि, इस बात का शानदार उदाहरण है कि 2014 से नागरिकों के जीवन में निर्णायक सुधार लाने के मिशन के साथय इस देश में शासन, सुधार और निरंतर बदलाव किये जा रहे हैं। निर्यात में यह वृद्धि किसानों, कारीगरों, बुनकरों और कारखाने के श्रमिकों की मदद कर रही है तथा छोटे और बड़े व्यवसायों को रोजगार पैदा करने, कार्य व परिचालन का विस्तार करने, अधिक प्रतिस्पर्धी बनने और वैश्विक व्यापार में अपनी पहचान स्थापित करने में सहायता कर रही है। कोविड से त्रस्त विश्व में 400 बिलियन डॉलर का निर्यात लक्ष्य, कई लोगों को असंभव लग रहा था, क्योंकि मांग में कमी थी, कंटेनर की कीमत कई गुना अधिक थी और दुनिया रोजगार खघ्त्म होने की स्थिति तथा विभिन्न प्रकार के संघर्षों का सामना कर रही थी। लेकिन यह परिस्थिति भीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को उत्पादों और क्षेत्रों की पहचान करने, जहां निर्यात बढ़ाया जा सकता है तथा स्थिति का आकलन करने में अवरोध नहीं बन सकी। केंद्र सरकार ने बेहतर परिणाम के लिए निर्यातकों और उद्योग निकायों के साथ साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया। निर्यात के मिशन को तब गति मिली, जब प्रधानमंत्री ने निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उद्योग जगत का आह्वान किया और उन्हें वस्तुओं तथा सेवाओं से सम्बंधित भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एक बड़ी छलांग लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने स्वयं मंत्रालयों, राज्यों, विदेश स्थित भारतीय मिशनों, कमोडिटी बोर्डों, उद्योग संघों और विशेषज्ञों को प्रेरित करने के लिए विचार–विमर्श किया। उन्होंने निर्यात की प्रगति की लगातार निगरानी भी की। यह वास्तव में एक महत्वाकांक्षी मिशन था, क्योंकि कोविड के पहले के समय में 2018–19 के दौरान भारत ने वस्तु निर्यात में 330 बिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल किया था, जो उस समय तक सबसे बेहतर प्रदर्शन था। इसके बाद महामारी ने वैश्विक व्यापार को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। लेकिन भारत ने तेजी से वापसी की, क्योंकि नीतिगत उपायों, सुधारों, निर्यात–संवर्धन योजनाओं, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी प्रमुख पहलों और विपरीत परिस्थितियों में साहसिक फैसलों ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक गति प्रदान की। निर्यात में तेज वृद्धि दर्ज की गयी है, मासिक आधार पर रिकॉर्ड की एक श्रृंखला स्थापित हुई है, जिसने 2021–22 की ऐतिहासिक उपलब्धि को समर्थन प्रदान किया है। निर्यात आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है, रोजगार के अवसरों का सृजन कर रहा है और छोटे व्यवसायों एवं श्रमिकों की मदद कर रहा है। दुनिया अब भारत को एक भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार के रूप में देख रही है, जो महामारी के सबसे बुरे दौर में भी समय पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं और सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। परिणाम शानदार हैं। भारत ने निर्धारित समय से नौ दिन पहले ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया है। हमने संपूर्ण सरकार का दृष्टिकोण अपनाया और निर्यातकों के साथ साझेदार के रूप में काम किया। सरकार ने उन्हें किसी भी बाधा को दूर करने में सक्रियता के साथ मदद की और उन्हें प्रत्येक देश में, प्रत्येक उत्पाद के लिए, प्रत्येक अवसर हासिल करने के सन्दर्भ में प्रोत्साहित किया, ताकि बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में समर्थन दिया जा सके। 200 देशोंध्क्षेत्रों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए तथा नए और मौजूदा बाजारों एवं खोए हुए बाजार हिस्से को हासिल करने के लिए एक माध्यम रूप में छोटे उद्यमों और स्टार्टअप की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। लेकिन यह सिर्फ संख्याओं की कहानी नहीं है। इसमें नए उत्पादों का निर्यात, नए बाजारों में प्रवेश, निर्मित उत्पादों के बढ़ते निर्यात, इंजीनियरिंग निर्यात में 50 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि, और छोटे व्यवसायों तथा किसानों के प्रशंसनीय योगदान, जिनकी कड़ी मेहनत ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया है जैसी उत्साह बढ़ानेवाली नयी बातें भी शामिल हैं। कृषि निर्यात लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर करीब 50 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारत के मेहनती किसान विश्व स्तर पर कारोबार किए जाने वाले चावल का लगभग आधा हिस्सा प्रदान करते हैं। किसानों ने गेहूं के निर्यात को रिकॉर्ड 70 लाख टन तक पहुंचाने में मदद की है, जिसके जरिये प्रमुख आपूर्तिकर्ता यूक्रेन के संकटग्रस्त होने के बावजूद वैश्विक गेहूं व्यापार में व्यवधान के असर को कम करने में मदद मिली है।

इसी तरह, कॉफी का निर्यात लगभग 1 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो इस क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, क्योंकि इसका 95 प्रतिशत उत्पादन, छोटे उत्पादकों द्वारा किया जाता है। समुद्री निर्यात भी फल–फूल रहा है, जिससे छोटे व्यवसायों और मछुआरों को मदद मिल रही है। भारत को अब इस गति को बनाए रखने की जरूरत है। हमारे विनिर्माता, निर्यातक और नीति–निर्माता इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में आत्मसंतुष्ट होने का जोखिम नहीं ले सकते। भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में शीघ्र निवेश बढ़ाने और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। एक समय था, जब भारतीय नागरिकों को बेचे जाने वाले उत्पादों और बाहर भेजे जाने वाले निर्यात गुणवत्ता से युक्त सामानों के बीच बड़ा अंतर होता था। अब ऐसा कोई अंतर नहीं होना चाहिए। सरकार निर्यातकों की मदद के लिए प्रयासों में तेजी लाएगी। हाल की विभिन्न नीतियां से आने वाले वर्षों में फायदा होगा और देश के विनिर्माण तथा निर्यात क्षेत्र में नए वैश्विक चौंपियन सामने आएंगे। मोबाइल फोन क्षेत्र जैसी सफलता की कई कहानियां होंगी, जो कभी आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। लेकिन, वर्तमान में निर्यात कई गुना बढ़ गया है और आयात में गिरावट दर्ज की गयी है। निर्यातकों को पीएम गति शक्ति–मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान– से भी लाभ होगा, जिसे पीएम ने पिछले अक्टूबर में लॉन्च किया था। अब हमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अपने प्रभाव का विस्तार करना है। यह चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन उत्साह बढ़ाने वाला और हासिल करने योग्य होगा।



# चैत्र नवरात्रि में अलग–अलग प्रसाद से माता होगी प्रसन्न

शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना के लिए नवरात्रा सर्वोत्तम समय माना जाता है। भगवान राम ने नवरात्र में मां भगवती की आराधना से देवी को प्रसन्न कर विजयादशमी के दिन रावण का संहार किया था। ऐसे में माता के भक्त पूरे 9 दिनों तक माता की पूजा–अर्चना करके मां को प्रसन्न करना चाहते हैं।

नवरात्रि का पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी शक्ति के नौ अलग–अलग रूप की पूजा–आराधना की जाती है। एक वर्ष में चार बार नवरात्र आते हैं चौत्र, आषाढ़, माघ और शारदीय नवरात्र। इनमें चौत्र और अश्विन यानि शारदीय नवरात्रि को ही मुख्य माना गया है। इसके अलावा आषाढ़ और माघ गुप्त नवरात्रि होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस साल चौत्र नवरात्रि 2 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं और जिनका समापन 10 अप्रैल को होगा। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराध ाना के लिए नवरात्रा सर्वोत्तम समय माना जाता है। भगवान राम ने नवरात्र में मां भगवती की आराधना से देवी को प्रसन्न कर विजयादशमी के दिन रावण का संहार किया था। ऐसे में माता के भक्त पूरे 9 दिनों तक माता की पूजा–अर्चना करके मां को प्रसन्न करना चाहते हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं इन नौ दिनों में हर दिन माता को अलग–अलग चीजों का भोग लगाने का विधान बताया गया है। नवरात्र की 9 देवियां अलग–अलग 9 शक्तियों का प्रतीक मानी जाती हैं। अगर आप भी इन नौ दिनों में माता को प्रसन्न करके अपनी हर मुराद झट से पूरी कर लेना चाहते हैं तो नवरात्रि में हर दिन के हिसाब से माता को लगाएं उनकी पसंद का भोग।

आइए विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेष्क डा. अनीष व्यास से जानते हैं किस दिन किस माता को लगाया जाता है किस चीज का भोग।



पहला दिन– मां शैलपुत्री

नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। मां शैलपुत्री को आरोग्य की देवी माना जाता है। ध ार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि कोई व्यक्ति नवरात्रि के पहले दिन गाय के शुद्ध देसी घी का भोग माता को लगाता है तो मां शैलपुत्री की कृपा से व्यक्ति को निरोग और खुश रहने का वरदान मिलता है।

दूसरा दिन– मां ब्रह्मचारिणी

जो लोग मां ब्रह्मचारिणी से अपने लिए दीर्घायु का वरदान चाहते हैं उन्हें नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर का भोग लगाना चाहिए। मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर का भोग लगाने से माना जाता है कि व्यक्ति को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

तीसरा दिन– मां चंद्रघंटा

नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा को दूध और दूध से बनी चीजों का भोग लगाया जाता है। ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन के हर दुख समाप्त जाते हैं।

चौथा दिन– मां कूष्मांडा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कूष्मांडा को मालपुए का भोग लगाने की परंपरा है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन ब्राह्मणों को मालपुए खिलाने चाहिए। ऐसा करने से बुद्धि का विकास होता है और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

पांचवां दिन– मां स्कंदमाताः नवरात्र के पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा होती है। नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाया जाता है। स्कंदमाता की पूजा करने से आजीवन आरोग्य रहने का वरदान मिलता है।

छठां दिन– मां कात्यायनीः नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाने से आकर्षण का आशीर्वाद मिलता है।

सातवां दिन– मां कालरात्रि

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजी की जाती है। इस दिन माता को गुड़ का भोग लगाया जाता है। माना जाता है कि गुड़ का भोग लगाने से आकस्मिक संकट से रक्षा होती है।

आठवां दिन– मां महागौरी

नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इस दिन लोग कन्या पूजन भी करते हैं। इस दिन महागौरी की पूजा करते समय माता को नारियल का भोग लगाया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से संतान से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

नौवां दिन– मां सिद्धिदात्री


नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। इस दिन माता को तिल का भोग लगाते हैं। जिन लोगों को आकस्मिक मृत्यु का भय होता है वो मां सिद्धिदात्री की पूजा करते हैं।

## मैं बॉलीवुड सिनेमा के बेहतरीन दौर में काम कर रही हूंः वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूर सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड युग में काम करने के लिए धन्य महसूस करती हैं। उनका कहना है कि आज के समय में उन विषयों की व्यापक स्वीकृति है जिन्हें पहले एक्टर्स के लिए



सही नहीं माना जाता था। वाणी कहती हैं कि तथ्य यह है कि उद्योग ने चंडीगढ़ करे आशिकी (सीकेए) और बधाई दो जैसी बैक टू बैक प्रगतिशील फिल्मों का निर्माण किया है, जो हिंदी फिल्म उद्योग के प्रतिमान बदलाव को दशार्ता है। वाणी भारत के प्रगतिशील फिल्म दर्शकों को इस तरह की फिल्मों को खुली बाहों से स्वीकार करने का श्रेय देती हैं क्योंकि इससे सभी लिंगों (जेंडर)के लिए समावेशिता की दिशा में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन होगा। वाणी कहती हैं कि मुझे खुशी है कि चंडीगढ़ करे आशिकी और बधाई दो दोनों ने अपने दर्शकों को पाया और अत्यध िक विभाजनकारी दुनिया में समावेशिता की हार्दिक कहानी के साथ लोगों का मनोरंजन किया। एक अभिनेता और सिनेमा के उपभोक्ता के रूप में, मुझे ऐसे मनोरंजन पसंद हैं जो संदेश देते हैं और मुझे गर्व है कि मैं चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्म का हिस्सा थी। वाणी अगली बार बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा शमशेरा में दिखाई देंगी जो 22 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म में वाणी और रणबीर कपूर की फ्रेस जोड़ी नजर आएगी।




## रवि तेजा की आने वाली फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का प्री-लुक 2 अप्रैल को

रवि तेजा की आगामी फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के प्री–लुक को 2 अप्रैल को लॉन्च किया जाएगा। यह एक पैन–इंडिया फिल्म है। निर्माता इसके प्री–लुक को एकसाथ रिलीज करना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर नागेश्वर राव का उगादी दिवस (2 अप्रैल) को नोवाटेल में एचआईसीसी, माधापुर, हैदराबाद में भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में फिल्म की कोर टीम और कुछ अन्य अतिथि ऑडिटोरियम में होंगे। फिल्म का प्री–लुक 2 अप्रैल को दोपहर 12रू06 बजे लॉन्च किया जाएगा। आंध्र प्रदेश में स्टुअर्टपुरम नामक एक कुख्यात क्षेत्र से संबंधित 1970 के दशक की एक वास्तविक कहानी के रूप में इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि इसमें एक दिलचस्प कथा के साथ कई परतें हैं। रवि तेजा, जिन्हें टाइगर नागेश्वर राव के रूप में पेश किया जाना है। अभिषेक अग्रवाल कला बैनर के तहत अभिषेक अग्रवाल (द कश्मीर फाइल्स निर्माता) द्वारा प्रतिष्ठित रूप से निर्मित, टाइगर नागेश्वर राव तेज नारायण अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज होनी है।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पूरी की नूरानी चेहरा की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर नूरानी चेहरा के रैप–अप की झलकियां साझा कीं, जिसकी वह शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने अपने साथी कलाकारों और परियोजना के चालक दल के साथ तस्वीर खिंचवाई। अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, उन्होंने कैप्शन में टीम के लिए एक हार्दिक नोट लिखा। अभिनेता ने लिखा, यह नूरानी चेहरा को फिल्माने के सबसे खुशी के अनुभव में से एक है। अद्भुत सह–अभिनेताओं की वजह से यह अधिक मजेदार था।

कैप्शन को जारी रखते हुए उन्होंने फिल्म के निर्देशक और निर्माताओं के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा कि सबसे अच्छे निर्देशक नवनीत सिंह के साथ काम करना, सबसे अद्भुत निर्माताओं कुमारमंगतपथक हैशटैग राजीव मल्होत्रा, सुनील दीपकर शर्मा के साथ काम करना मजेदार था। आप सभी फिल्म को थिएटर में देखें।

फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नुपुर सेनन भी हैं।

इसके अलावा नवाज की झोली में टिकू वेड्स शेरू भी है। इस साल, वह विभिन्न शैलियों में सात अलग–अलग भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे।

## अगर आप को भी ऑफिस में आलस आते है तो कैसे फिट रहे



एक सुस्त जीवनशैली आपकी फिटनेस को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए, सभी रुके हुए कामों तथा समय पर दिए जाने वाले कामों के बीच इस बात का ध्यान जरूर रखें कि आपको अपने कार्यस्थल पर व्यायाम करने का मौका मिल सके। आलस को दूर करने के लिए कुछ हल्के–फुल्के व्यायाम कर सकते हैं इस आप को काफी आराम मिलेगा। 'चलते–फिरने रहने या सीढियों पर उतरने–चढ़ते रहने की कोशिश करें। इससे आपके पैरों की नसें काम करती रहेंगी।

'अपनी एडियों को उठाकर फिर इन्हें धीरे–धीरे जमीन पर वापस रखें। इससे आपके शरीर का निचला हिस्सा सामान्य रूप से काम करता रहेगा। ' अपनी कुर्सी में उठते–बैठते रहने का व्यायाम करीब एक समय पर 10 बार करें। आप इसे दिन में तीन बार कर सकते हैं।

' बैठे रहने के दौरान अपने पैरों के पंजों को हिलाने की कोशिश करें। हालांकि, इस दौरान आपकी एड़ी जमीन पर ही टिकी रहे।

' कुर्सी पर ही बैठे रहने के दौरान अपने बाएं पैर को थोड़ा ऊपर उठाएं और इसे 90 डिग्री के कोण की तरह कुछ समय तक हवा में ही रखें, जब तक आप इसमें सहज हो सकें।

' अपने कंधों को जितना हो सके, उतना ऊंचा उठाएं और इसके बाद इन्हें आगे–पीछे कर हिलाने की कोशिश करें। इस व्यायाम को दिन में लगभग 10 बार करें। ' टाइपिंग करने के दौरान आपको जब भी अपनी उंगलियों में एक समय पर दर्द महसूस हो, उस दौरान अपने पंजों को खोलें और बंद करें। यह उंगलियों के लिए काफी अच्छा व्यायाम है। ' काम करते रहने के दौरान आपकी गर्दन को भी व्यायाम की जरूरत होती है। इसलिए आप अपनी गर्दन को 360 डिग्री के कोण पर घुमाएं और साथ ही नीचे–ऊपर भी करें।



# चार महीने ही चल सका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंडेरवा में रैवीज वैक्सीनेशन

बस्ती। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंडेरवा पर जानवरों के काटने पर मरीजों को लगने वाली एंटीरैवीज वैक्सीन की सुबिधा बंद हो चुकी है।अब यदि किसी को वैक्सीन लगवाना है तो उसे ब्लाक या जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।वैक्सीनेशन बंद होने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी भी है। मुंडेरवा नगर पंचायत में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पागल जानवरों के काटने पर लगने वाली वैक्सीन की सुबिधा अब नहीं मिल रही है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीनेशन का कार्य बीते वर्ष में23अगस्त21को शुरू हुआ था और जानकारी हो जाने के बाद मरीज भी बढ़ने लगे थे,किंतु23दिसंबर21को ही यहां पर इस सुबिधा को बंद कर दिया गया।वैक्सीनेशन बंद हो जाने से क्षेत्र के मरीजों को 20किलोमीटर सफर तय कर जाना पड़ रहा है।जिससे इनकी आर्थिक क्षति तो हो ही रही है ,शारीरक और मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है।क्षेत्र के संजय सिह,वीरेंद्र सिह,विपिन सिह,प्रदीप सिह,मलखान यादव,मोनू, गिरजेश,लल्लू, संदीप चौधरी, मुन्ना पांडेय सहित अन्य लोगों ने पुनः वैक्सीनेशन शुरू कराने की मांग किया है।वैक्सीनेशन बंद होने के बारे में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.धर्मेंद्र चौधरी से बात किया तो उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की कमी की वजह से दिक्कत हो रही है।अस्पताल में केवल एक ही फार्मेसिस्ट है दो लोगों की तैनाती कोविड के समय से जिले पर कर दी गयी है,जिसकी वजह से समस्या है।जैसे ही कर्मचारी आ जायेंगे वैक्सीनेशन शुरू करा दिया जायेगा।

# शासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक अन्य सुरक्षित आलमारी की व्यवस्था करने का निर्देश

**बस्ती सू0वि0,।** शासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक



अन्य सुरक्षित आलमारी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें अवशेष प्रश्नपत्र तथा बंडल स्लिप को सुरक्षित रखा जायेंगा। उक्त निर्देश जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने दिया है। राजकीय बालिका इण्टर कालेज सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने निर्देश दिया कि डबल लाक आलमारी में केवल प्रश्नपत्र ही रखे जायेंगे ताकि उन्हें केवल एक बार ही खोलना पड़े। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें। दोनो अधिकारियों ने गौतमबुद्ध मुराली देवी इण्टर कालेज गोटवा में दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिका में रूपये रखने के मामले को उजागर करने तथा कड़ा रूख अपनाने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की प्रशंसा किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि डबल लाक आलमारी कक्ष में किसी भी अधिकारी–कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश करना वर्जित होगा। डबल लाक आलमारी कक्ष में प्रवेश हेतु एक लागबुक रजिस्टर रखा जायेंगा, जिसमें तिथि, समय एंव उद्देश्य सहित आने–जाने वाले अधिकारी–कर्मचारी का पूर्ण विवरण अंकित किया जायेंगा। डबल लाक आलमारी कक्ष को केवल परीक्षा तिथि पर प्रश्नपत्र निकालने के लिए परीक्षा प्रारम्भ होने के एक घण्टा पूर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में खोला जायेंगा तथा परीक्षा समाप्ति के एक घण्टा उपरान्त तीनों की उपस्थिति में लाक किया जायेंगा। प्रत्येक बार लाक खोलने तथा सील करने का विवरण लागबुक में दर्ज किया जायेंगा।

उन्होने सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि परीक्षा के दौरान बरती गयी अनियमितता की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम, डीआईओएस तथा डिप्टी कलेक्टर सूरज यादव के मोबाइल नम्बर– 8429183399 पर दें। सीसीटीवी कैमरा ठीक डबल लाक आलमारी के सामने फिक्स करें ताकि कैमरे में पूरी आलमारी दिखायी दें। उन्होने कहा कि परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तरपुस्तिका जमा करने के लिए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक जायेंगे। उन्होने आगामी सभी परीक्षाओं के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जिन अभिभावको या छात्र–छात्राओं के पास प्रश्नपत्र पहुॅचेंगा, उनके विरूद्ध भी एफ.आई.आर. दर्ज करके जेल भेजा जायेंगा। पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी दिया है कि प्रश्नपत्र लीक कराने, उसमें सहयोग करने वालों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करके जेल भेजा जायेंगा। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्यवाही की जायेंगी। इसमें लिप्त पाये जाने वाले केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक को सेवा से बर्खास्त किया जायेंगा। साथ ही परीक्षा केन्द्र को ब्लैकलिस्ट किया जायेंगा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सूरज यादव, डीआईओएस डी.एस. यादव, बी.एस.ए. जगदीश शुक्ला, प्रधानाचार्य एस.बी. सिंह, श्रीमती नीलम सिंह तथा जिले के सभी केन्द्र व्यवस्थापकगण उपस्थित रहें।

# मकान खाली कराने को लेकर विवाद मुकदमा दर्ज

बस्ती। पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गाँव में मकान को खाली कराने का मामला प्रकाश में आया है । मामला है उषा सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह निवासिनी रेवरिया थाना क्षेत्र वजीरगंज जनपद गोण्डा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरा मायका थाना क्षेत्र पैकोलिया के मुकुन्दपुर गाँव में है और मैं अपने पिता की इकलौती औलाद हूँ मेरे पिता द्वारा दिया गया मकान व जमीन मुझे प्राप्त है जिसे लगभग एक वर्ष से मेरे भतीजे बिन्दु कुमार सिंह पुत्र हरिप्रसाद सिंह ने जबरिया कब्जा कर लिया है जब मैंने अपने मकान को खाली करने के लिए कहा तो फौजदारी आमादा हो जाते हैं । बृहस्पतिवार की दोपहर में जब मैंने पुनः मकान खाली करने के लिए कहा तो मेरे भतीजे बिन्दुकुमार सिंह गाली देते हुए लाठी–डण्डे लेकर मारने–पीटने पर आमादा हो गये और जान से मारने की धमकी भी दिया । थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मारने–पीटने व जान से मारने की धमकी मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है ।

# मार्ग दुर्घटना में महिला की मौत

बस्ती। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौराहे पर गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 70 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटनाक्रम के अनुसार जगदीशपुर गांव निवासी सावित्री देवी 70 गुरुवार की देर शाम करीब 8रू30 बजे किसी काम से गांव के चौराहे जगदीशपुर गई थी।

सड़क पर पहुंचने पर उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे सावित्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची परशुरामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा शुक्रवार को मृतका के दामाद भरत चंद सोनी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

